**विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2025 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-09 का उत्तर**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| 09- (क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ के राजाजीपुरम में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का लाभप्रदान किये जाने हेतु रजिस्ट्रेशन सं0-3132241079 के साथ ही दिनांक 01 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक जिला समाज कल्याण अधिकारी, लखनऊ को कितने ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुये है? | जनपद-लखनऊ के राजाजीपुरम में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का लाभ प्राप्त किये जाने हेतु श्रीमती मीरा गुप्ता पत्नी स्व0 सतेन्द्र के ऑनलाईन आवेदन-पत्र (रजिस्ट्रेशन सं0-3132241079) के साथ दिनांक 01 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक 3031 आवेदन-पत्र जनपद में प्राप्त हुए हैं। |
| (ख) क्या आवेदनकर्ताओं को उक्त लाभ प्रदान कर दिया गया है? | श्रीमती मीरा गुप्ता पत्नी स्व0 सतेन्द्र के ऑनलाईन आवेदन-पत्र (रजिस्ट्रेशन सं0-3132241079) का पी0एफ0एम0एस0 द्वारा रिस्पॉन्स प्राप्त होने के पश्चात जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन करवाकर धनराशि रु0 30,000/- लाभार्थी के आधार लिंक बैंक खाते में सफलतापूर्वक हस्तान्तरित कर दी गयी है।<br>दिनांक 01 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक प्राप्त 3031 आवेदन-पत्रों के सापेक्ष 1991 लाभार्थियों को धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। 428 आवेदन-पत्रों की जाँचोंपरान्त स्वीकृति जिला स्तरीय समिति से प्राप्त हो चुकी है एवं 418 आवेदन-पत्र जाँच हेतु प्रक्रियाधीन है तथा 194 आवेदन-पत्र जाँचोपरान्त अपात्र पाये गये हैं। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तथा उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**असीम अरूण**
**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**